**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 02.03.2026 समय : 1905

**<><><><><><><>**

- पश्चिम एशिया में संघर्ष और भीषण हुआ। कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने कहा अमेरिका के कई युद्धक विमान दुर्घटनाग्रस्त हुए।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने नई दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की।
- होली मिलन के अवसर पर हिन्दी साहित्य कला परिषद द्वारा कल हिन्दी भवन में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन।
- बुनियादाबाद में श्री अय्यप्पा मंदिर में अट्टुकल पोंगल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

ईरान और इजरायल–अमरीका के बीच बढते मिसाइल तथा ड्रोन हमलों से पश्चिम एशिया में संघर्ष तेज हो गया है। ईरान और समर्थित संगठन मिलकर इजरायल तथा खाड़ी देशों पर मिसाइल हमले कर रहे हैं। वहीं, इजरायल और अमरीका ने ईरान के कई ठिकानों पर बमबारी की। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी ने कहा है कि वे ईरान के हमलों का मुकाबला करने के लिए अमरीका के साथ हैं। खाड़ी देशों के एक समूह ने कहा कि उन्हें ईरानी हमलों का जवाब देने का अधिकार है। इस बीच, कुवैत के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि अमरीका के कई युद्धक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गए हैं, लेकिन उनके चालक दल सुरक्षित हैं। राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमरीका कुवैत में मारे गए अपने तीन सैनिकों की मौत का बदला लेगा।

<><><><><><><>

भारत और कनाडा के बीच आज महत्वपूर्ण खनिज सहयोग, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में तीन समझौते किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने आज नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। दोनों नेताओं ने भारत–कनाडा रणनीतिक साझेदारी के विभिन्न क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने व्यापार और निवेश, ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, कृषि, शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार तथा दोनों देशों के लोगों संबंधों सहित प्रमुख मुद्दों की प्रगति का भी जायजा लिया। दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक

घटनाक्रमों पर भी विचार–विमर्श किया। कनाडा के प्रधानमंत्री पिछले महीने की 27 तारीख से चार दिन की भारत यात्रा पर हैं।

<><><><><><><>

इस बीच, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत–कनाडा सीईओ फोरम में कहा कि दोनों देश जीवंत लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाएं और साझा मूल्यों पर आधारित समाज हैं। आज नई दिल्ली में आयोजित भारत–कनाडा सीईओ फोरम के दौरान श्री मोदी ने कहा कि लोकतंत्र, विविधता और विकास दोनों देशों को स्वाभाविक साझेदार के रूप में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि आज भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस परिवर्तन के पीछे मजबूत घरेलू मांग, युवा आबादी, बड़े पैमाने पर निवेश और डिजिटल प्रौद्योगिकी की ताकत है।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि लगभग 19 विदेशी विश्वविद्यालय, चालू शैक्षणिक सत्र में भारत में अपने परिसर स्थापित करने के लिए तैयार हैं। नई दिल्ली में आयोजित 'स्टडी इन इंडिया एजुकेशन–डिप्लोमैटिक कॉन्क्लेव 2026' को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि भारतीय संस्थान सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, जैव प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, कृषि और सतत प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में वैश्विक संस्थानों के साथ सहयोग कर रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने विदेशी छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि भारत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

<><><><><><><>

हिन्दी साहित्य कला परिषद श्री विजयपुरम द्वारा कल होली मिलन के पावन अवसर पर हिन्दी भवन में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे से आरंभ होगा। इस अवसर पर श्री विजयपुरम के भोजपुरी समाज के अध्यक्ष डॉ. शिवशंकर सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। जी बी पन्त अस्पताल के अवकाश प्राप्त निदेशक डॉ. ओंकार सिंह और उप चिकित्सा विशेषज्ञा डॉ. अशोक कुमार दुबे सम्मानीय अतिथि होंगे तथा हिन्दी साहित्य परिषद के संरक्षक एवं उत्तरप्रदेश समाज के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मिश्र विशिष्ट अतिथि होंगे।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग द्वारा आई आई टी टी आई भुवनेश्वर के सहयोग से टूरिस्ट गाइड और इको टूरिस्ट गाइड तथा पक्षी अवलोकन के लिए बारह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 9 से 20 मार्च तक किया

जाएगा। इस सिलसिले में बारहवीं कक्षा पास तथा चालीस वर्ष से कम आयु वाले स्थानीय उम्मीदवार आवेदन कर सकते है। पूर्णरूप से भरे गए आवेदन सूचना एवं पर्यटन निदेशालय के योजना अनुभाग में 6 मार्च तक जमा कर सकते है। जो उम्मीदवार 2023–24 और 2024–25 के दौरान टूरिस्ट गाइड प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके है, वे इसके लिए पात्र नहीं होंगे। अधिक जानकारी के लिए सूचना एवं पर्यटन निदेशालय के वरिष्ठ अन्वेषक नलिनी के नायर के फोन संख्या 94–34–281–308 से कार्य अवधि के दौरान सम्पर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

पैंतीसवीं राष्ट्रीय अंडर–17 चेस चैंपियनशिप 2026, का आयोजन तीस मार्च से गुजरात के अहमदाबाद में होगा। इस सिलसिले में अंडमान निकोबार चेस एसोसिएशन द्वारा इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए द्वीप समूह से प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों का चयन करेगा। डेयरी फार्म स्थित ANCA चेस सेंटर में 14 मार्च को चयन ट्रायल्स का आयोजन होगा। 1 जनवरी 2008 या उसके बाद जन्मे, खिलाड़ी ट्रायल्स में हिस्सा लेने के लिए पात्र होंगे। इच्छुक खिलाड़ी, 12 मार्च तक या उससे पहले अपना पंजीकरण करा सकते है। अधिक जानकारी के लिए ANCA की ऑफिस एग्जीक्यूटिव जी सुधा के फोन नम्बर 99–33–217–055 पर सम्पर्क कर सकते है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस द्वारा डीजीपी कप टी–20 राज्य स्तरीय लीग सह नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता (सीजन–4) का आयोजन किया जा रहा है। यह टूर्नामेंट मार्च 2026 के दूसरे सप्ताह में पोर्ट माउट क्रिकेट ग्राउंड तथा नेताजी स्टेडियम में आयोजित होगा। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विभागों एवं निजी युवा क्लबों की टीमों को भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक टीम के लिए प्रवेश शुल्क पच्चीस हजार रुपये निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता में अधिकतम 32 टीमों को "पहले आओ, पहले पाओ" के आधार पर सहभागिता का अवसर प्रदान किया जाएगा। इच्छुक टीमे सात मार्च शाम पांच बजे तक अपना पंजीकरण करवां सकते है।

<><><><><><><>

बुनियादाबाद स्थित श्री अय्यप्पा मंदिर में कल अट्टुकल पोंगल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक अनुष्ठान सुबह नौ बजकर पैंतालीस मिनट से शुरू होकर दोपहर 2 बजे तक संपन्न होगा।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने जनवरी 2026 सत्र के लिए बी एड और बी एस सी नर्सिंग में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब उम्मीदवार 10 मार्च, शाम 6 बजे तक आवेदन जमा कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार इग्नू की वेबसाइट देख सकते हैं।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस की ओर से पुलिस फायरिंग रेंज, प्रातरापुर में छोटे हथियरों से फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। ये अभ्यास कल और 7 मार्च को सुबह 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान नागरिकों को स्वयं तथा अपने पालतू पशुओं को फायरिंग रेंज क्षेत्र से दूर रखने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>